तापमान

अधिकतम 35 .4 डिग्री

न्यूनतम 26 .6 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 6 जुलाई 2024



12 खेतों में तैयार किए जाएंगे 6.60 लाख पौध





12 एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया ने फूंका अमृतपाल ...




## खबर संक्षेप

### मेक इन इंडिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे छात्र

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेशानुसार केयू इलेक्ट्रॉनिक साइंस विभाग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दाखिले हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। केयू इलेक्ट्रॉनिक साइंस विभाग के प्रो. मुकेश कुमार ने कहा कि भारत सरकार की मेक इन इंड़िया नीति के तहत सेमीकंडक्टर उद्योग क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हुए है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में कॅरियर तलाश रहे युवा विद्यार्थियों के लिए यह बेहतरीन अवसर है।

### सीएम नायब सात को पानीपत में

**पानीपत।** पानीपत में रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह के प्रस्तावित दौरे को लेकर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जिला सचिवालय के प्रथम तल सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा 2कि मुख्यमंत्री नायब सिंह जिला में विभिन्न विभागों के विकास कार्यो के उद्घाटन और शिलान्यास कार्य में पहुंचेंगे और आमजन को विभिन्न विकास कार्यो की सौगात देंगे।

### मनोहर लाल आज लोगों की समस्याएं सुनेंगे

**करनाल।** केंद्रीय, ऊर्जा, आवासीय एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल 6 जुलाई को प्रातः 11 बजे से 12.30 बजे स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में जनसंवाद के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त उत्तम सिंह ने दी।

### रविदास मंदिर से दान पेटी चोरी

**यमुनानगर।** गांव पटाक माजरी निवासी ऋषि पाल ने रादौर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव में रविदास मंदिर बना हुआ है। तीन जुलाई को मंदिर से पूजा अर्चना करने के बाद सभी श्रद्धालु अपने घर चले गए थे। जब सुबह मंदिर में पहुंचे तो वहां से दान पेटी गायब मिली। उसने बताया कि दान पेटी में करीब छह हजार रुपए थे।

## पहाड़ी इलाकों में बारिश होने के बावजूद सामान्य स्तर पर बह रही यमुना नदी

# हथिनी कुंड बैराज पर यमुना नदी के जलस्तर पर प्रशासन की कड़ी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ जिला सचिवालय में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष और हथिनीकुंड बैराज पर बाढ़ चेतावनी कक्ष बनाए गए

पहाड़ी इलाकों में छाए घने बादलों व रुक रुक कर हो रही बारिश के बावजूद हथिनी कुंड बैराज पर यमुनानदी का जलस्तर सामान्य स्तर पर बह रहा है। मगर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है और हथिनी कुंड बैराज पर यमुना नदी के जलस्तर पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन द्वारा हथिनी कुंड बैराज में बाढ़ चेतावनी कक्ष बनाया गया है। जिसमें यमुना नदी समेत बरसाती नदियों के जलस्तर की पूरी जानकारी रखी जा रही है।

हथिनी कुंड बैराज से मिली जानकारी के मुताबिक बैराज पर यमुना नदी का जलस्तर अन्य दिनों की तरह सामान्य स्तर पर बह रहा है। हालांकि पहाड़ी इलाकों में रुक रुक कर बारिश हो रही है।

मगर फिलहाल हथिनी कुंड बैराज पर पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। शुक्रवार को शाम चार बजे तक हथिनी कुंड बैराज पर मात्र नौ हजार क्यूसेक पानी बह रहा था। जो न्यूनतम जलस्तर से भी कम है।

हालांकि पहाड़ी इलाकों में रुक रुक कर हो रही बारिश को देखते हुए हथिनी कुंड बैराज पर अलर्ट जारी किया गया है। आशंका जताई जा रही है कि यदि पहाड़ी इलाकों में तेज बारिश हुई तो हथिनी कुंड बैराज पर जलस्तर बढ़ सकता है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हथिनी कुंड बैराज पर कर्मचारियों द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। फिलहाल कोई घबराने की बात नहीं है।



यमुनानगर के हथिनी कुंड बैराज पर बहता हुआ सामान्य स्तर पर जलस्तर।

### बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन सतर्क

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि बरसात के मौसम में जिला के उत्तरी क्षेत्र एवं पहाड़ी कैंचमैंट एरिया में अचानक अधिक वर्षा होने के कारण जिला में संभावित बाढ़ जैसी स्थिति हो सकती है। इस स्थिति से निपटने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूरी की जा रही हैं। जिला में संभावित बाढ़ जैसी स्थिति पर दिन रात नजर रखने के लिए जिला सचिवालय में जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष और हथिनीकुंड बैराज पर बाढ़ चेतावनी कक्ष समेत खंड स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं।

# किसान की रिहाई के लिए एसपी ऑफिस के घेराव का ऐलान

## बलाना में किसानों ने बुलाई मीटिंग

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

■ किसान आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले युवा किसान काफी समय से जेल में हैं बंद, कई किसान नेता मीटिंग में लेंगे हिस्सा

शंभू बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसान अब युवा किसान नेता नवदीप सिंह जलबेहड़ा को रिहा करने के लिए रणनीति तैयार कर रहे हैं। बता दें कि किसानों ने 17 जुलाई को अंबाला के एसपी कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया हुआ है। किसानों ने इसको लेकर अब 6 को बलाना के गुरुद्वारा में एक मीटिंग बुलाई गई है। इसमें किसान नेता सरवन सिंह पंधेर, भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी समेत हरियाणा और पंजाब के विभिन्न किसान संगठनों से जुड़े हुए किसान नेता हिस्सा लेंगे। युवा किसान नेता नवदीप इस बार के किसान आंदोलन में भी काफी प्रमुख भूमिका में रहे हैं। पंजाब में किसान आंदोलन शुरू होने से पहले ही उन्होंने किसानों को एकजुट किया। इसके साथ-साथ लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार को चुनौती दी थी। इसी को लेकर वह पिछले लंबे समय से हरियाणा पुलिस के निशाने पर थे।

आंदोलन के दौरान नवदीप अपने अन्य साथियों के साथ बख्तरबंद पोकलेन मशीन लेकर आये थे और हरियाणा सरकार को चुनौती दी थी। पुलिस ने वाटर कैनन बाय नवदीप सिंह जलबेड़ा उसके साथी को मार्च में चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया था।

हालांकि नवदीप सिंह के साथी गुरकीरत को कोर्ट से जमानत मिल गई थी लेकिन नवदीप सिंह जलबेहड़ा फिलहाल अंबाला की सेंट्रल जेल में बंद है।

# कर्मी को हनीट्रैप में फंसाकर 20 लाख मांगे

## पुलिस ने महिला सहित दो को पकड़ा, मुख्य आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

पुराना औद्योगिक थाना क्षेत्र में एक हनीट्रैप का मामला सामने आया है। एक महिला ने रिफाइनरी में कार्यरत एक युवक को एक माह तक अपने जाल में फंसाया और वीरवार को उसे कमरे पर बुलाकर सहमति से शारीरिक संबंध बनाए। इसी बीच एक महिला और एक आदमी ने आकर युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी और उससे 20 लाख मांगे। रुपये न देने पर उसे दुष्कर्म के केस में जेल में डलवाने की धमकी दी। पीड़ित ने अपने साले को पूरे मामले से अवगत कराते हुए चार लाख की मांग की और लोकेशन भेजकर रुपये लाने के लिए कहा। साला अपने दोस्त व पुलिस के साथ मौके पर पहुंचा। तभी पुलिस ने महिला और एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। जबकि हनीट्रैप में फंसाने वाली महिला फरार हो गई।

### ऐसे कर्मी को जाल में फंसाया

पुराना औद्योगिक थाना पुलिस को दी शिकायत में एक युवक ने बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है। चार जुलाई को दोपहर 1:23 बजे उसके पास जीजा निवासी रिफाइनरी टाउनशिप का फोन आया। उसने फोन पर बताया कि उसके पास पिछले एक माह से एक महिला का फोन आता था। वह मिलने के लिए कहती थी। महिला ने बातों में फंसाकर वीरवार को उसे (जीजा को) घर पर बुला लिया। उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने की पेशकश की। उसने महिला की सहमति से संबंध बना लिए। उसी दौरान 2-3 मिनट के बाद उस मकान में एक आदमी व एक महिला आए। उन्होंने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। धमकी दी कि 20 लाख रुपये मंगवा लो, नहीं तो वे पुलिस को बुलाकर उसके खिलाफ दुष्कर्म का केस करेंगे, उसे जेल में डलवा देंगे। इसके बाद फोन कट गया। कुछ देर बाद जीजा ने उसके पास चार लाख रुपये का इंतजाम करने का मैसेज भेजा और साथ में अपनी लोकेशन भी भेजी। वह अपने साथी के साथ लोकेशन के अनुसार निकला तो लोकेशन दोनों नहरों के बीच में बनी कालोनी की मिली। इधर, जीजा के बताने पर साला ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने महिला पुलिसकर्मी को टीम में शामिल करते हुए एक टीम का गठन किया और लोकेशन के आधार पर मौके पर दबिश दी। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तब तक हनीट्रैप में फंसाने वाली महिला मौके से फरार हो चुकी थी। पुलिस ने बाद में आने वाले एक युवक और महिला को गिरफ्तार किया। वहीं, थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक जाकिर हुसैन ने बताया कि घटनास्थल से एक महिला और एक युवक को पकड़ा गया है, तीन नए आपराधिक कानून के तहत पूरे मामले की वीडियोग्राफी की गई है। हनीट्रैप में फंसाने वाली मुख्य महिला फरार हो गई, इसकी तलाश में टीम जुटी हुई है, जल्द ही वह भी पुलिस की गिरफ्त में होगी। मामले में केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आमजन की समस्याओं का निदान मेरी प्राथमिकताः मनोहर

## समालखा उपमंडल में केंद्रीय मंत्री ने दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं का निदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

■ बड़ी संख्या में लोगों ने गर्मजोशी के साथ केंद्रीय मंत्री का किया स्वागत

केंद्रीय ऊर्जा शहरी एवं आवास मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि उनका पूरा ध्यान आम जन की समस्याओं का निदान करने पर केंद्रित है वे करनाल लोकसभा क्षेत्र की सभी नौ विधानसभा क्षेत्र में जाकर लोगों का धन्यवाद करेंगे व जनता दरबार लगाकर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। इसकी शुरुआत उन्होंने समालखा उपमंडल से शुक्रवार को की। शुक्रवार को दोपहर बाद यहां पहुंचने पर लोगो ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि समस्याओं का निदान उनकी प्राथमिकता है। समस्याओं के समाधान में वे किसी तरह की कोताही नहीं बरतेंगे। देश की जनता ने तीसरी बार मौका दिया इसके लिए वह जनता के प्रति आभारी हैं। सन 1962 के बाद यह मौका आया है जब तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने है। देश की जनता ने यह बड़ा कार्य किया है। इसके लिए वे सदैव उनके आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता अब पूरी तरह से जागरूक हो चुकी है व अपना अच्छा बुरा सब जानती पहचानती है।केंद्रीय मंत्री ने लोगों की समस्याओं को सुनते हुए कहा कि उनका समाधान निश्चित रूप से होगा वो भरोसा रखें। उन्होंने कहा कि जो लोग समस्याएं लेकर उनके पास आएंगे वो निश्चित रूप से उन्हें अधिकारियों तक पहुंचाएंगे व संबंधित विभाग उनका समाधान करेगा।



समालखा। केंद्रीय ऊर्जा शहरी एवं आवास मंत्री मनोहर लाल समालखा उपमंडल में आयोजित जनता दबार में लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

### लोगों ने रखी समस्याएं

कार्यक्रम में हथवाला के बलबीर सिंह ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष अपनी समस्या रखी जिसका उन्होंने निदान करने का आश्वासन दिया। एक अन्य शिकायतकर्ता वीरेंद्र त्यागी ने सड़क की मरम्त करने से संबंधित समस्या दी जिसका उन्होंने समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में चरण सिंह ने खेत में ट्रांसफार्मर लगाने की मांग रखी। मौके पर 150 के करीब लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। जिनका मंत्री ने पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में करनाल लोकसभा के पूर्व सांसद संजय भाटिया , एडीसी डॉक्टर पंकज,एसडीएम अमित कुमार, डीएसपी नरेंद्र,भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, महामंत्री कृष्ण छोकर,, संजय छोकर , जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष ज्योति शर्मा, पूर्व जिला परिषद सदस्य रंजीता कौशिक, जसवीर छोकर जगबीर आर्य, वेद पाराशर ,राजेंद्र शर्मा,हिमाशु,बिजेंद्र आट्टा आदि मौजूद रहे।

# ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर व्यक्ति से हड़पे छह लाख 20 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पुलिस में चार आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

जिला अंबाला के गांव नहोनी निवासी मायाराम से उसके लड़के को विदेश भेजने के नाम पर छह लाख 20 हजार रुपए हड़प लिए गए। आरोप यमुनानगर के गांव खारवन निवासी सुनील, जिला पंचकूला के रायपुर रानी गढ़ी निवासी राजीव, जिला अंबाला के गांव टपरिया निवासी गुरपाल व गांव लालपुर निवासी लाभ सिंह पर लगा है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला अंबाला के गांव नहानी निवासी मायाराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का रणदीप सिंह विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात जिला यमुनानगर के गांव खारवन निवासी सुनील कुमार के साथ हुई। आरोपी सुनील कुमार ने उसे बताया कि वह जिला पंचकूला के गढ़ी रायपुर रानी निवासी राजीव, अंबाला के गांव टपरिया निवासी गुरपाल व लालपुर निवासी लाभ सिंह के साथ युवकों को विदेश भेजने का काम करता है। वह उसके लड़के को ऑस्ट्रेलिया भेज देगा। जहां पर वह नौकरी करके अच्छे पैसे कमा सकता है। उसकी आरोपी के साथ आठ लाख रुपए में बात हो गई। इस दौरान उसने आरोपियों को अलग-अलग तारीख में छह लाख 20 हजार रुपए दे दिए। आरोपियों ने जल्द ही उसके लड़के को ऑस्ट्रेलिया भेजने का आश्वासन दिया। आरोपियों ने उसके लड़के का फर्जी वीजा दे दिया। जब उसने वीजा की जांच कराई तो वह नकली मिला। उसने इस बार आरोपियों से बात की मगर उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

# सीएम फ्लाइंग का मत्स्य विभाग के कार्यालय पर छापा

## छापामारी कर जांचे दस्तावेज, पकड़ा ढाई लाख की सब्सिडी का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ आशंका है कि किसान ने मिलीभगत करके सब्सिडी की रकम हड़प ली

मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने जिला के मत्स्य विभाग के कार्यालय में छापामारी कर दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान जांच में ढ़ाई लाख की सब्सिडी हड़पे जाने की आशंका जताई गई। जिसकी जांच किए जाने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

सीएम फ्लाइंड की टीम ड्यूटी मजिस्ट्रेट नरेंद्र कुमार व सब इंस्पेक्टर सुखविंद्र सिंह के नेतृत्व में दोपहर के वक्त मत्स्य विभाग के कार्यालय में पहुंची। इस दौरान टीम ने हाजिरी रजिस्टर की जांच की तो कार्यालय में सभी कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर तैनात पाए गए। फील्ड में जो कर्मचारी थे उनसे वीडियो कॉलिंग करके ड्यूटी चेक की गई। वह कर्मचारी भी फिल्ड में काम करते हुए नजर आए। मगर इस दौरान विभाग का अन्य रिकार्ड चेक किया गया तो उसमें एक ग्रामीण सेवक सिंह द्वारा अपनी लड़की के नाम दो एकड़ जमीन पर मछली पालन का एग्रीमेंट कर सरकार से दो लाख 43 हजार रुपये की सब्सिडी ली हुई मिली। इस दौरान सीएम फ्लाइंग की टीम ने जांच में पाया कि किसान द्वारा खाते में सब्सिडी के पैसे पहुंचने के कुछ दिन बाद एग्रीमेंट कैंसिल कर दिया गया। आशंका है कि किसान ने मिलीभगत करके सब्सिडी की रकम हड़प ली। सीएम फ्लाइंग टीम के प्रभारी ने बताया कि जांच में ऐसा लग रहा है कि सब्सिडी की रकम हड़पने के लिए सोच समझ कर काम किया गया है। मामले की जांच करवाई जाएगी और मामले में जो कार्रवाई बनेगी की जाएगी।



यमुनानगर के मत्स्य कार्यालय में छापामारी के दौरान जांच करते हुए सीएम फ्लाइंग की टीम के सदस्य।

### किशोरी से छेड़खानी के दोषी को कैद

**पानीपत।** फास्ट ट्रैक कोर्ट, पोस्को एक्ट के अतिरिक्त सेशन जज सुखप्रीत सिंह ने किशोरी के साथ छेडखानी के दोषी गुरूदेव पुत्र रोशन लाल को दोषी करार देते हुए तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। एडीजे सिंह की कोर्ट ने गुरूदेव पर पांच हजार रूपये जुर्माना किया। वहीं इस मामले में दस गवाहों की गवाही हुई। स्मरणीय है कि हुडा सेक्टर 13/17 थाना पुलिस ने 21 अप्रैल 2023 को एक महिला की शिकायत पर उसके ही गांव के गुरूदेव के खिलाफ केस दर्ज किया था। महिला का आरोप था कि गुरूदेव ने उसकी नौ साल की पुत्री की ओर अश्लील इशारा किया और उसे अपना गुप्तांग दिखा। पुलिस ने गुरूदेव पर केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था।

धर्मकर्म

## सात से शुरू होंगे 15 जुलाई को समाप्त होंगे गुप्त नवरात्रि

# गुप्त नवरात्रि में मां दुर्गा से विशेष शक्ति और कृपा प्राप्त करें : डॉ. मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



■ मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर धरती पर आगमन करेंगी

श्रीदुर्गा देवी मन्दिर के अध्यक्ष व कॉस्मिक एस्ट्रो पिपली के निदेशक ज्योतिष व वास्तु आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से आषाढ़ गुप्त नवरात्रि शुरू होंगे। गुप्त नवरात्रि 7 जुलाई 2024 से शुरू होंगे और नवमी नवरात्रि 15 जुलाई 2024 को समाप्त होंगे। चैत्र और शारदीय नवरात्रि की तरह ही गुप्त नवरात्रि में भी मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है। गुप्त नवरात्रि में पूजा का फल जल्दी और दोगुना मिलता है। इन दिनों में मां जल्दी प्रसन्न होती हैं और भक्तों को मनोवांछित फल देती हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्यक्ष नवरात्रि में देवी के नौ रूप और गुप्त नवरात्रि में 10 महाविद्या की पूजा की जाती है। इस नवरात्रि में विशेषकर शक्ति साधना, तांत्रिक क्रियाएं, मंत्रों को साधने जैसे कार्य किये जाते हैं। इस नवरात्रि में मां दुर्गा के भक्त विशेष नियम के साथ पूजा-अर्चना करते हैं। मंत्रों, तांत्रिक क्रियाएं और शक्ति साधना से लोग दुर्लभ शक्तियां अर्जित करना चाहते हैं। मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आएंगीः नवरात्रि में आदिशक्ति मां दुर्गा की सवारी का विशेष महत्व होता है। इस साल आषाढ़ गुप्त नवरात्रि 6 जुलाई, शनिवार से शुरू हो रहे हैं। शनिवार के कारण से मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर धरती पर आगमन करेंगी। मां दुर्गा का घोड़े पर आगमन प्राकृतिक आपदा का संकेत देता है।

### माँ दुर्गा की विशेष पूजा

गुप्त नवरात्रि में आधी रात को मां दुर्गा की पूजा की जाती हैं। मां दुर्गा की प्रतिमा या मूर्ति स्थापित कर लाल रंग का सिंदूर और चुनरी अर्पित करें। इसके बाद मां दुर्गा के चरणों में पूजा सामग्री को अर्पित करें। मां दुर्गा को लाल पुष्प चढ़ाना शुभ माना जाता है। सनातन धर्म के अनुसार प्रतिदिन सुबह शाम परिवार सहित अपने इष्ट देवी देवता और मां दुर्गा की आरती करने से विशेष आशीर्वाद और घर में सुख शान्ति का वातावरण होता है। प्रत्येक प्राणी के जीवन में जीवित और पूर्ण सदगुरु का होना आवश्यक है जिसके पास आत्म ज्ञान और परमात्मा का अनुभवी ज्ञान हो क त्रेतायुग में भगवान राम अपने गुरु वशिष्ठ और गुरु विश्वामित्र जी के निर्देशन में ही विशेष साधना करते है क द्वापरयुग में भगवान श्री कृष्ण अपने गुरु संदीपनी जी के निर्देशन में ही साधना करते है।

# गोल्ड पहलवान साहिल का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर 23 वर्ग में गोल्ड मेडल विजेता का गांव पहुंचने पर खेल प्रेमियों ने शानदार स्वागत किया। वहीं गोल्ड मेडल विजेता साहिल जागलान ने कहा कि उसका अगला लक्ष्य ओलम्पिक में मेडल जीतना है। उनके स्वागत के लिए पलक पांवड़े बिछाए और गांव इसराना पहुंचने पर क्षेत्र वासी डीजे की धुनों पर जमकर थिरकते देखे गये। गोल्ड मेडल विजेता साहिल जागलान के भव्य स्वागत के लिए काफी लम्बा काफिला था। नेशनल हाईवे पानीपत रोहतक पर जाम जैसी स्थिति देखी गई। वहीं गांव इसराना की चौपाल में गोल्ड विजेता साहिल जागलान का फूलों ओर नोटों की मालाओं से स्वागत किया गया। जबकि साहिल जागलान ने अपने दादा का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा उनकी मां ने बेटे का तिलक लगाकर उसका स्वागत किया ओर आशीर्वाद दिया। साहिल जागलान ने कहा कि उसका अगला लक्ष्य ओलम्पिक में मैडल जीतना है वह उसके लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। इस मेडल के लिए कोच सोनू की अहम भूमिका रहीं हैं। इस अवसर पर कोच ओम सिंह जागलान, संदीप पार्षद, दयाराम कोच, धर्मपाल जागलान, रणधीर सिंह जागलान, रामस्वरूप, राजरुप फौजी, जयभगवान, प्यारे लाल आदि उपस्थित रहे।



■ एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल विजेता साहिल जागलान का स्वागत करते हुए नागरिक।

## खबर संक्षेप



### अमावस्या पर हवन यज्ञ किया, मांगी मन्नतें

**करनाल।** श्री कृष्ण गऊशाला में आषाढ़ अमावस्या पर हवन यज्ञ किया गया। हवन यज्ञ के बाद गायों की पूजा अर्चना की गई और गुढ़ व चारा खिलाकर सेवा कार्य किया गया। यजमानों के रूप में रामलाल सिंगला, ईश्वर सिंगला व मुकेश अग्रवाल परिवार सहित पहुंचे। हवन यज्ञ में आहूतियां डालकर विश्व शांत और परिवारों में सुख समृद्धि की कामना की गई।
इस मौके पर श्री कृष्ण गऊशाला के प्रधान सुनील गुप्ता ने कहा कि आषाढ़ अमावस्या के दिन जो लोग स्नान दान और पितरों की पूजा करते हैं उनके कष्ट दूर हो जाते हैं।

### रोमांटिक ट्रैक सिंगल सवेरा रिलीज किया

**करनाल।** ख्वाब और लम्हे फेम के इक्लिप्स नोवा और अनुभा बजाज ने मिलकर अपना पहला सिंगल सवेरा रिलीज़ किया है। यह मीठा रोमांटिक ट्रैक प्रतिदिन के प्यार का चित्रण कर श्रोताओं को संगीत की मधुर दुनिया में ले जाता है, जो शाम की रिमझिम बारिश में चाय के गर्मागर्म कप के समान है।
सवेरा' के संगीत में गिटार की नाजुक झंकार के साथ, मधुर और आकर्षक स्वर हैं, जो भावनाओं और यादों को जगा देते हैं। इस ट्रैक में आधुनिक इंडी पॉप और भारतीय शास्त्रीय संगीत के तत्वों का कलात्मक मेल है, जिससे एक समकालीन और कालातीत साउंडस्केप का निर्माण हुआ है।

### नींव ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**करनाल।** गुरुग्राम के एससीईआरटी द्वारा निर्देशित नींव कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च विद्यालय सेक्टर 13 और राजकीय उच्च विद्यालय कंबोपुरा का चयन किया गया है। जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर से डॉक्टर देवेंद्र और नरेंद्र कुमार ने राजकीय उच्च विद्यालय सेक्टर 13 में हेड मास्टर, विज्ञान और गणित के शिक्षकों तथा दसवीं कक्षा के छात्रों के अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 9वीं और 10वीं कक्षा के छात्रों में गणित और विज्ञान के अवधारणात्मक ज्ञान का निर्माण करना है।

### लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील

**तरावड़ी।** भाजपा व्यापार सेल के जिला अध्यक्ष एवं तरावड़ी अनाज मंडी के अध्यक्ष शीशपाल गुप्ता व पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के आह्वान पर प्रदेश के प्रत्येक नागरिक से अपनी माता के नाम पर एक पेड़ लगाने की अपील की है। उन्होंने कहा हमें पेड़ लगाने के बाद उसको बड़ा होने तक उसकी देखभाल भी करनी आवश्यक है। पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए यही एकमात्र तरीका है। आज नई अनाज मंडी में एक पौधारोपण के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 400 पेड़ों का लगाना है। जोकि अनाज मंडी व उसके आसपास के स्थानों पर लगाए जाएंगे।

## निफा ने पोधरोपण कर दिया जागरूकता का संदेश

# केवल पेड़ पोधे ही दिला सकते हैं बीमारी से निजात





### ईश्वर का दिया हुआ सबसे बड़ा सुख है निरोगी काया: जितेंद्र राणा

**पर्यावरण सुरक्षा का समय की जरूरत**

इस मौके पर स्कूल प्रिंसिपल के द्वारा भी ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने का संदेश दिया गया। इस मौके पर डायरेक्टर जितेंद्र राणा, प्रिंसिपल, अध्यापक, विद्यार्थी और निफा टीम से रिया गुप्ता, कमल कांत धीमान, प्रोजेक्ट डायरेक्टर रवि धीमान, उज्ज्वल गुप्ता कालरम से सतीश कौशिक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शुक्रवार को निफा की शाखा घरौंडा द्वारा आरएलएस इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में पौधे रोपित कर निफा के गो ग्रीन प्रोजेक्ट 2024 के तहत पोधारोपण का कार्य किया गया। इस मौके पर डायरेक्टर जितेंद्र राणा,स्कूल स्टाफ, विद्यार्थी और निफा घरौंडा के सदस्यों ने पेड़ पोधे लगाने का काम किया। इस मौके पर घरौंडा निफा शाखा के प्रधान कमल कांत धीमान ने बताया कि निफा की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाएगा जिसमे आज आरएलएस इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में 50 पौधे रोपित किए गए है और इनके रख रखाव की जिम्मेदारी स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों द्वारा ली गई है उन्होंने बताया कि आज जैसे जैसे प्रदूषण की मात्रा वातावरण में अधिक होती जा रही है, वैसे - वैसे ही अनेकों बीमारियां भी बहुत तेजी से फैलती जा रही है। जिससे कि ना केवल पूरे देश के लिए बल्कि यह पूरे विश्व के लिए बहुत बड़ा खतरा बनता जा रहा है। कमल कांत धीमान ने बताया कि अगर हमें इन सब घातक बीमारियों से कोई निजात दिला सकता है तो वो है केवल पेड़। इस मौके पर डायरेक्टर जितेंद्र राणा ने बताया कि आज निफा के इस अभियान में आरएलएस स्कूल के द्वारा 50 पौधे रोपित कर उनके रख रखाव की जिम्मेदारी ली गई है क्योंकि बीमारियों से निजात पाने के लिए केवल पेड़ पोधे ही सिद्ध साबित हो सकते है। इसीलिए हम सभी ने इस साल प्रण लेना है कि हमसे जितने हो सके उतने पेड़ हमने इस बार लगाने है और उनके रख रखाव कार्य भी सुचारू रूप से निरंतर करते रहना है। निफा के इस अभियान में हमारे स्कूल का हर एक बच्चा एक पेड़ अपने परिवार के साथ लगाकर उसके रखरखाव की जिम्मेदारी लेकर सहयोग करेगा।

# सर्वसम्मति से जोगिंद्र कुटेल बने प्रधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

रोडवेज एससी एम्पलॉयज वेलफेयर समिति की मानव सेवा संघ में हुई बैठक में करनाल डिपो कार्यकारिणी का गठन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता समिति के पूर्व राज्य प्रधान बलवंत सिंह ने की व संचालन संदीप बौध ने किया। सर्वसम्मति से जोगिंद्र कुटेल को प्रधान पद की जिम्मेवारी सौंपी गई। सुनील शेरा को डिपो सचिव, नफे सिंह सिहमार को कोषाध्यक्ष, सुनील लिपिक व सुरेंद्र भौला को उपप्रधान, पवन उपलाना को प्रेस सचिव, मुकेश बाल पबाना को संगठन सचिव, कुलदीप सौंगल को ऑडिटर, राजबीर जलमाना को मुख्य सलाहकार व सुशील भौला को चेयरमैन बनाया गया।

इस मौके पर बलवंत सिंह ने कहा कि विभाग में कार्यरत अनुसूचित जाति कर्मचारियों का किसी भी प्रकार का शोषण सहन नहीं किया जाएगा। सरकार जल्द ही बैकलॉग पूरा करे। रोडवेज के बेड़े में नई बसों की संख्या बढ़ाई जाए। संदीप बौध ने कहा कि सरकार कौशल निगम के माध्यम से भर्ती न करके पक्की भर्ती करे। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र डिपो प्रधान गुरदास सिरोही, राज कपूर, गुरदास अंटेड़ी, राज कुमार, गुलाब सिंह, मेहर सिंह, सतीश, संदीप, महासंघ प्रधान मनोज कुमार, बीर सिसंह, मुकेश सिहमार, राजेंद्र डाहर, जयपाल पूर्व डीआई, राजबीर, कृष्ण कुमार, रविंद्र कुमार, रणधीर सिंह, सन्नी, पवन, हरीश, सुरेंद्र, सुशील व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### सीजीसी ने पानी बर्बाद करने का मुद्दा उठाया

**करनाल।** सिटीजंस ग्रीवेंसीज कमेटी की उपभोक्ता संरक्षण एवं आरटीआई उप समिति की बैठक मानव सेवा संघ में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता उप समिति के प्रधान एडवोकेट नरेंद्र सुखन ने की। मीटिंग में कार वाशिंग सेंटरों द्वारा पानी बर्बाद करने का मुद्दा उठाया गया। पानी की बर्बादी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह मामला अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाए ताकि पानी की बर्बादी न हो। जल की रिसाइकिल व्यवस्था हो। मीटिंग में कहा गया कि शहर में बहुत सारे विज्ञापन बोर्ड बिना अनुमति के लगाए गए हैं, जो स्मार्ट सिटी की सुंदरता खराब कर रहे हैं। नगर निगम सम्पत्ति मालिक को आदेश दे कि वह अपना सामान संभाल ले। अपने पास रखे या जिस व्यक्ति का है उसे दे दिया।

## ट्यूबवेल कनेक्शन के अनधिकृत लोड के लिए स्वैच्छिक घोषणा योजना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश के कृषि उपभोक्ताओं हेतु कृषि ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए स्वैच्छिक लोड घोषणा योजना-2024 शुरू की है। इस योजना के तहत उपभोक्ता को अपना लोड बढ़वाने के लिए 100 रुपये प्रति किलोवाट की दर से जमा करवाने होंगे। इसके अतिरिक्त सर्विस कनेक्शन शुल्क जो कि सामान्य अवस्था में 1500 रुपये प्रति बीएचपी है, की वसूली नहीं की जाएगी और उनका लोड बिना किसी जुर्माने के नियमित कर दिया जाएगा। यह योजना 01 जुलाई, 2024 से 15 जुलाई, 2024 तक जारी रहेगी।उन्होंने बताया कि ट्यूबवेल कनेक्शन का लोड बढ़ाने की योजना का सर्कुलर विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को आवेदन करने से पहले अपने सभी बकाया बिलों का भुगतान करना होगा। कृषि उपभोक्ता यूएचबीवीएन पोर्टल पर आवेदन करके अपने ट्यूबवेल कनेक्शन की मोटरों के विस्तारित लोड की घोषणा कर सकते हैं । आवेदक को पोर्टल पर स्टार रेटिंग/दक्षता के साथ स्थापित मोटर के विवरण का खुलासा करना वैकल्पिक रखा गया है। उन्हें किसी भी नियम और शर्तों के फॉर्म या शपथ पत्र जमा करने की आवश्यकता नहीं है । अब उन्हें मौजूदा निर्देशों के अनुसार अग्रिम खपत जमा (सिक्योरिटी) के साथ विस्तारित लोड के लिए परीक्षण रिपोर्ट के बजाय एक स्व-घोषणा पत्र जमा करना होगा ।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक और ओएसडी ने लगाया पौधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



शुक्रवार को श्री रामचरित मानस सीनियर सेकेंडरी स्कूल व मारुति नंदनबाल वाटिका में आज 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधे रोपित किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राम कुमार कश्यप व सीएम के ओएसडी संजय बठला ने शिरकत की। उन्होंने स्कूल प्रधानाचार्य संदीप गौतम, शिवचरण शर्मा व विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधे लगाए।इस मौके पर विधायक राम कुमार कश्यप ने कहा कि मां के साथ रिश्ता अनमोल होता है। जिस प्रकार मां हमे जीवन देती है, हमारा पालन पोषण करती है, वैसे ही प्रकृति भी हमारे लिए जीवनदायिनी है। इसकी सुरक्षा और संवर्धन हमारी जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई इस मुहिम से हम सभी को जुड़ते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान जरूर देना चाहिए। इस दौरान उन्होंने सभी से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड़ लगाने आग्रह किया। साथ ही सभी से पौधों का संरक्षण हेतु संकल्प लेने कहा।

संजय बठला ने कहा कि इस मानसून में ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करें। अपने घर, आसपास के परिवेश, गांव और शहरों और जंगलों को खूब हरा-भरा बनाएं उन्होंने विद्यार्थियों को भी पौधे बांटे एवं अपने घर जाकर अपनी मां के नाम एक पौधा लगाने के लिए और उसकी देखभाल करने के लिए कहा।

# कल करनाल में मांगों को जुटेगा समाज

- अपने हकों की आवाज उठाने के लिए 7 जुलाई को करनाल में लामबंद होगा सिख समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा का सिख समाज अब धड़ेबंदी व पार्टी बाज़ी से ऊपर उठकर हरियाणा के सिख हितों के लिए एक जुट होगा और एक जुट होकर अपने हक़ों की माँग करेगा। हरियाणा में पंथक एकता की शुरुआत सात जुलाई रविवार को डेरा कार सेवा करनाल से होगी जहां हरियाणा के अलग अलग ज़िलों से मौजीज़ सिख हस्तियाँ इकट्ठी होंगी व मिलकर हरियाणा के सिख समाज के मसलों, माँगों व भविष्य पर चर्चा करेंगी। सात जुलाई को प्रदेश स्तरीय बैठक की जानकारी देने के लिए आज बुलाई गई प्रेस वार्ता में डेरा कार सेवा के प्रतिनिधि गुरसेवक सिंह, इंटरनेशनल सिख फोरम के महासचिव प्रीतपाल सिंह पन्नु, किसान नेता जगदीप सिंह औलख, अमृत सिंह बुग्गा, युवा सिख नेता सुरेंद्र पाल सिंह रामगढ़िया ने हरियाणा की सिख लीडरशिप, बुद्धि जीवी सिखों, सिख सरपंचों, ज़िला परिषद सदस्यों, गुरुद्वारा कमेटियों व सिख संस्थाओं के प्रतिनिधियों से आपसी मतभेद छोड़ कर सात जुलाई को करनाल पहुँचने की अपील की। उनके साथ रामगढ़िया सभा के प्रधान कुलवंत सिंह कलेर, सिख नेता बलदेव सिंह बरियार, गुरु नानक सेवक जत्थे से अमनदीप सिंह मिद्धा, गुरु नानक सेवा सोसायटी से जातिंदर सिंह, ब्लेसिंग फाउंडेशन से गुरकिरत सिंह, दशमेश अखाड़ा से सुरजीत सिंह, सिख फोरम से इक़बाल सिंह, मीत ग्रंथी गुरप्रीत सिंह, मनिंदर सिंह व मनजीत सिंह सोनी मौजूद रहे।

**सिखों को नहीं मिला हक**

प्रदेश में 15 लाख से अधिक की गिनती में मौजूद सिख समुदाय को कभी उनका बनता हक़ नहीं मिला। आज न तो लोक सभा में न ही राज्य सभा में हरियाणा के सिख समुदाय का कोई प्रतिनिधि है। विधान सभा में भी उन्हें केवल वायदों का लॉलीपॉप दिया जाता है व इस समय प्रदेश सरकार में एक भी मंत्री सिख समाज से नहीं है। पंजाबी भाषा को कागजों में दूसरी भाषा का दर्जा दिया गया लेकिन अधिकांश सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में पंजाबी के टीचर भर्ती नहीं किए गए।

# राणा तालाब को तीर्थ का स्वरूप देंगे : डॉ. वीरेंद्र

- तालाब प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रभाकर वर्मा ने किया सरोवर का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



जुंडला का राणा तालाब पराक्रमी योद्धा राणा हरि राय की स्मृति संजोये हुए है। हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण इसे नए सिरे से सजाने संवारने का कार्य प्रारंभ कर रहा है। ग्राम पंचायत और ग्रामोदय न्यास ने इस सरोवर को विस्मृत इतिहास के पन्नों से जोड़ते हुए यहां कई सौ साल पहले इस गांव को बसाने वाले राणा हरि राय की प्रतिमा स्थापित करने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में पंचायत के अनुरोध पर तालाब प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रभाकर वर्मा और हरियाणा ग्रंथ अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह ने आज विभागीय अधिकारियों के साथ सरोवर का मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। जुंडला पहुंचने पर ग्रामोदय न्यास के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह और सरपंच प्रतिनिधि सतीश नरवाल ने तालाब प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रभाकर वर्मा और उनके दल का स्वागत किया। इंजीनियर प्रभाकर वर्मा ने बताया कि तालाब प्राधिकरण द्वारा इस सरोवर को विकसित करने की कार्य योजना तैयार की जा चुकी है। विभागीय स्वीकृति के बाद ही इस पर काम शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रेवेन्यू रिकॉर्ड के मुताबिक किसी जमाने में यह तालाब 34 एकड़ से अधिक का था, जिसके अधिकांश हिस्सों पर फिलहाल कब्जा है। उन्होंने कहा कि तालाब प्राधिकरण राज्य के जोहड़ों और तालाबों के पुनर्जीवन के लिए निरंतर काम कर रहा है।

# समाधान शिविर लगने से बढ़ा विश्वास

- परिवार पहचान पत्र की त्रुटि को सीएससी सेंटरों पर ठीक करवा सकते है: विरेन्द्र बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का समाधान होने के बाद लोगों का सरकार के प्रति विश्वास बड़ा है। वह सरकार की इस मुहिम से बेहद प्रसन्न नजर आ रहे हैं। परिवार पहचान पत्र की समस्याओं को लेकर उनकी त्रुटियों को ठीक करवाने के लिए सरकार द्वारा लगाए गए समाधान शिविर आम जनता में कारगर सिद्ध हो रहे हैं। यह शब्द नगरपालिका कार्यलय मे नपा अध्यक्ष वीरेन्द्र बंसल ने कहे। शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल व सचिव अजीत कुमार ने बताया कि परिवार पहचान पत्र की त्रुटि का समाधान करने के लिए सभी सीएससी सेंटरों पर ठीक करके उनको राहत पहुंचा रहे हैं। सरकार ने इसका पोर्टल खोल दिया है। इस अवसर पर उन्होंने शहर के लोगों से अपील कि वह शहर के बने सीएससी सेंटर में जाकर अपने परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को ठीक करवा सकते हैं।

# कैलाश सैनी बने सीएम के प्रतिनिधि

- करनाल के लोगों की जो भी समस्याएं होंगी उन्हें मुख्यमंत्री के संज्ञान में पहुंचाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नवनियुक्त प्रतिनिधि कैलाश सैनी ने अपना कार्य भार संभाल लिया है।

उन्होंने आज सैक्टर 14 के कोठी नंबर 119 में मुख्यमंत्री के करनाल कार्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित किया।उन्होंने इस अवसर पर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का उनकी इस नियुक्ति पर धन्यवाद करते हुए कहा कि मुझे पर विश्वास करते हुए उन्होंने मुझे जो यह जिम्मेदारी दी है उसे बखूबी निभाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने इस अवसर पर बताया कि मैं पिछले काफी दिनों से करनाल के लोगों से जुड़ा हुआ हूं और चुनावों के दौरान मुझे करनाल के हर इलाके में चुनाव प्रचार के लिए जाना हुआ और में करनाल की समस्याओं से वाकिफ हूं। उन्होंने कहा कि मेरा यह प्रयास रहेगा कि करनाल के लोगों की जो भी समस्याएं होंगी उन्हें मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाकर उन्हें दूर करवाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने इस मौके पर कहा कि करनाल की जनता का सौभाग्य है कि उनकी सेवा के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय के अतिरिक्त केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल एवं संजय बठला सहित तीन कार्यालय जनसेवा के लिए मिले हैं जहां से उनकी समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

## आशा वर्करों की बैठक बुलाकर कार्यक्रमों की जानकारी दी

# मच्छरों से बचाव को हर रविवार ड्राई डे : डॉ. कैलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



तरावड़ी। डॉक्टर कैलाश गर्ग वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी आशा वर्करों को कार्यक्रमों के बारे जानकारी देते हुये।

मलेरिया व डेंगू के मच्छरों के प्रकोप से बचाव के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर रविवार को ड्राई डे एक्टिविटी का कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसके लिये डॉक्टर कैलाश गर्ग वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य केंद्र द्वारा सभी स्वास्थ्य स्टाफ व आशा वर्कर की बैठक बुलाई गई । इस बैठक में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इन दिनों मे मलेरिया व डेंगू के मच्छरों का प्रकोप फैलने का समय हो गया है। आम जनता से अपील है कि वह अपने घरों के आसपास पानी खड़ा ना होने दें, अपने घरों में कूलर व फ्रीज की ट्रे को सप्ताह में एक बार अवश्य खाली करें। अपने घरों के आस पास साफ सफाई रखें ताकि डेंगू व मलेरिया का मच्छर पैदा ना हो सके। वारिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर रविवार को ड्राई डे एक्टिविटी की जाती है। वह इस प्रोग्राम में स्वास्थ्य विभाग का साथ दें। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जननी सुरक्षा माह कार्यक्रम चला जा रहा है। जिसमें सभी गर्भवती महिलाओं का डॉक्टरों द्वारा चेक अप किया जा रहा है । इसके अलावा 11 जुलाई 2024 से 24 जुलाई 2024 तक परिवार नियोजन पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसमें योग्य दंपति अपनी नसबंदी या नलबंदी ऑपरेशन तथा कॉपर टी लगवा सकेंगे। इसके अलावा डायरिया कंट्रोल कैंपेन 1 जुलाई 2024 से शुरू हो चुका है जो 31 जुलाई 2024 तक चलेगा। जिसमें कोई भी दस्त का मरीज इस कैंप में दवाई ले सकेगा। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया की किसी को भी अगर एक सप्ताह से ज्यादा खांसी है तो उसको अपना बलगम टेस्ट करवाना चाहिए ताकि बीमारी का पता जल्दी से लगाया जा सके व उसका इलाज समय पर हो सके। इसके अलावा अनीमिया मुक्त हरियाणा कार्यक्रम 14 जून 2024 से 10 दिन के लिये चलाया जा रहा। जिसमे 6 माह से ले कर सभी उम्र के महिला व पुरुषों के खून जाँच की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीमे गठन करके स्कूलों में सभी बच्चो के खून जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### घर में चोरी करने वाला पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने आठ मरला कॉलोनी में हरजिंद्र कौर के घर में चोरी करने वाले आरोपी को ईशु पुत्र कुमरपाल निवासी शाहबाद डेरी दिल्ली को पानीपत की गोहाना रोड पर फ्लाई ओवर पुल के पास से गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना मॉडल टाउन में हरजिंद्र कौर पत्नी हरजीत सिंह निवासी आठ मरला की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### मतलौडा पुलिस ने दो चोर पकड़े

**पानीपत।** थाना मतलौडा पुलिस ने मतलौडा से असंध रोड पर स्थित खराद में से चोरी करने वाले दो आरोपियों अजय व प्रिंस निवासी गांव दतौली जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। थाना मतलौडा प्रभारी इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया वारदात में शामिल उनके साथी आरोपी संदीप 30 की दुकान से चोरी करते समय करंट लगने से मौत हो गई थी। इधर, चोरी के उपरोक्त मामले में इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि थाना मतलौडा में अंतराम पुत्र नौरंग निवासी गांव दरियापुर जिला पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### सरकारी योजनाओं का प्रचार किया

**पानीपत।** विकास कार्यों और कल्याणकारी नीतियों का प्रचार करने के लिए सूचना जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा जिले में प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय बिडलान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विगत वीरवार को गांव नोहर में विभाग की टीम द्वारा सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया।

### आप के नेताओं ने जन संवाद किया

**पानीपत।** आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को गांव ब्राह्मण माजरा में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। वहीं पार्टी के प्रदेश सह सचिव सुखवीर मालिक ने ग्रामीणों की समस्याओं को जाना। इस अवसर पर गांव निवासी प्रेमचंद दिनेश वर्मा करण सिंह सूरजमल रामफल सेवाराम राजेश अहलावत सत्यवान राम मेहर रमेश कुमार दीपक कुमार पुनीत कुमार रामनिवास विजेंद्र कुमार रवि दत्त दिनेश कुमार पंडित मुकेश रामकुमार सुरेश कुमार आने गांव क समस्याएं बताई।

### लंबित मांगों के लिए सफाई कर्मियों का धरना

**पानीपत।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच से संबंधित हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन मुख्यालय सोनीपत की जिला कमेटी ने शुक्रवार को एचएसवीपी के संपदा अधिकारी पानीपत के कार्यालय पर अपनी लंबित मगों को लेकर धरना दिया और नारेबाजी की। इस अवसर पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर, सुरेश रोहिल्ला, महावीर नागर, रमेश लहराडा,विनोद कुमार, रमेश प्रधान, जयपाल सचिव, मनजीत सिंह, पिंकी देवी शामिल रहे।

### हाथरस हादसे पर दुख जताया

**पानीपत।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला की कार्यकारिणी की मीटिंग जिला प्रधान बलवान सिंह की अध्यक्षता में में हुई। संचालन भले राम शर्मा ने किया। मीटिंग में सबसे पहले हाथरस में सत्संग के दौरान भगदड़ के में 122 से भी जायदा मौतों पर दो मिनट का मौन धारण किया और घायल सगंत के जल्दी ठीक होने की प्रार्थना की। उधम सिंह राठी राज्य संगठन सचिव एवं ईश्वर सचिव ब्लॉक करनाल ने सयुंक्त रूप से कहा कि अगर सरकार ने मानी गई मांगे नहीं मानी तो आने वाले विधानसभा के चुनाव में इसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ेगा।

### सब्जी महंगी होने से जनता दुखी

**इसराना।** आम जन की पहुंच से सब्जी दूर होती जा रही है। टमाटर गांवों में फुटकर फेरी वाले 100 रुपये किलो तक बेच रहे हैं। वहीं प्याज और आलू भी 40 से 60 रुपये किलो, भिंडी, करेला, टिंडा,घीया,तोरी, परबल, मटर, गोभी, कद्दू, पेठा, शिमला मिर्च के साथ.साथ हरी मिर्ची के भाव इतने बढ़ गए हैं की सब्जियों में लगने वाले तडके का स्वाद ही बेस्वाद हो गया है।

---

चौ.चरण सिंह यूनिवर्सिटी के कुलपति ने 28 वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित किया

# देश भर में अग्रणी है पानीपत का कृषि विज्ञान केंद्र : प्रो कंबोज

- बैठक में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि के कुलपति मुख्य अतिथि रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



**पानीपत।** चौ. चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय के वीसी प्रो बलदेव राज कंबोज, कृषि विज्ञान केंद्र गांव उझा में बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

चौधरी चरण सिंह, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र गांव उझा, पानीपत के प्रांगण में 28 वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज कंबोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के किसानों की खेती से संबंधित समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में अनुसंधान के पश्चात समाधान ढूंढने हेतु विचार-विमर्श करना एंव जिले के कृषि संबंधित पदाधिकारियों व प्रगतिशील किसानों की भागीदारी से आगे की कार्य योजना तैयार करना था।

वहीं, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉ. राजबीर गर्ग ने केंद्र की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट एवं अगामी वर्ष 2024-25 की कार्य योजना प्रस्तुत की। जबकि वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रो बलदेव राज कंबोज ने अपने अध्यक्षीय भाषण में बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र उझा की गिनती देश के गिने चुने कृषि विज्ञान केंद्रों में होती है। उझा केंद्र ने धान की सीधी बिजाई, फसल अवशेष प्रबंधन, खरपतवार प्रबंधन, फसल विविधिकरण प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण आदि विषयों में सराहनीय कार्य किया है। जिनके लिए कृषि विज्ञान केंद्र पानीपत बधाई के पात्र है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपील की वे जल संरक्षण के प्रति लोगों/ किसानों को जागरूक करें व धान-गेहूं फसल चक्र को छोड़ कर फसल विविधिकरण को अपनाए या फिर धान की बासमति को छोटी अवधि की किस्मों को बढ़ावा दे ताकि जल जैसी बहुमुल्य धरोहर की रक्षा की जा सके।

जबकि निदेशक, विस्तार शिक्षा, डॉ. बलवान सिंह मंडल, डॉ आरके यादव, निदेशक, केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान करनाल, डॉ. अनुज प्रधान वैज्ञानिक, आई आई. डब्ल्यू. बी. आर., डॉ पीपी रोहिल्ला, जिला बागवानी अधिकारी डॉ शरदूल शंकर, जिला वन अधिकारी प्रीतम सिंह, राजेंद्र सिंह, सुरेश कुमार, डॉ सत्यपाल सिंह ने भी मार्ग दर्शन किया।

---


**पानीपत।** इनर व्हील क्लब, पानीपत, मिडटाउन की पदाधिकारियों के साथ दिव्यांग बच्चें। फोटो : हरिभूमि

# दिव्यांग बच्चों का सहयोग करें नागरिक : डॉ अनु

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- इनर व्हील क्लब की पिकनिक में दिव्यांग बच्चों ने धमाल किया

इनर व्हील क्लब, पानीपत, मिडटाउन ने मिनी डिजनीलैंड यानि किड्स प्लेजोन में दिशा दिव्यांग स्कूल के विशेष बच्चों के लिए पिकनिक का आयोजन किया। स्मरणीय है कि दिशा दिव्यांग स्कूल के शिक्षकगण, शारीरिक और मानसिक बीमारियों से पीड़ित बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। स्कूल में सभी आयु वर्ग के 55 से अधिक दिव्यांग विद्यार्थी है। वहीं यह आयोजन क्लब की उपाध्यक्ष सीमा बब्बर ने अपनी पौती के जन्मदिन पर किया। कार्यक्रम में क्लब की प्रधान डॉ. अनु कालरा, सचिव डॉ. स्वाति गोयल, संपादिका रितिका गर्ग, आईएसओ रूपाली, कोषाध्यक्ष मंजरी गोयल, पूजा, मोनिका बेदी, रेनु देशवाल, ज्योति रहेजा, अनिता बत्रा, डॉ. रेनु देशवाल, डॉ. प्रियंका, इंटर्न टीयारा गर्ग, इंटर्न मृदुल जावा ने दिव्यांग बच्चों के साथ पिकनिक में शिकरत करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चों को आगे बढने का अवसर मिलना चाहिए। इसके लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना चाहिए। इधर, पिकनिक में दिव्यांग बच्चों को स्वादिष्ट खाद्य पदार्थ दिए गए। इधर, दिशा दिव्यांग स्कूल की प्रिंसिपल शीनम शर्मा इनर व्हील क्लब, पानीपत, मिडटाउन का अभार प्रकट किया।

---

# खराब आईफोन बेचने वाले पर जुर्माना किया

- पानीपत जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने सुनाया फैसला

**पानीपत।** ग्राहक को खराब आइफोन बेचने पर जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के चेयरमैन आरके डोगरा ने दुकानदार को 38 हजार रुपये चुकाने का आदेश दिया है। यह राशि दुकानदार को छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से चुकानी होगी। आयोग ने दुकानदार को आदेश दिए कि वह पांच हजार रुपये ग्राहक को मुआवजा राशि दे। स्मरणीय है कि गांव कालखा निवासी राजीव कुमार ने बताया कि उसने 10 फरवरी 2022 को एक टेलीकाम शॉप से पांच हजार रुपये डाउन पेंमेंट भरकर आइफोन खरीदा था। फोन खरीदने के कुछ दिनों बाद ही उसमें दिक्कत आने लगी। अपने आप फोन बंद होने लगा, काल डिस्कनेक्ट होने लगी। उसने फोन दुकानदार के पास जमा करा दिया और उक्त दिक्कतों के बारे बताया। एक सप्ताह बाद दुकानदार ने फोन कर कहा कि पहले 26500 रुपये जमा कराने होंगे, उसके बाद ही वे फोन को ठीक करेंगे। जिसके बाद उसने आइफोन कंपनी में ई-मेल के माध्यम से दुकानदार की शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसने 19 मई 2022 को नोटिस भी दिया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। जिसके बाद उसने जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में याचिका लगाई और इंसाफ की गुहार लगाई। अब आयोग ने फैसला सुनाते हुए दुकानदार को 38 हजार रुपये छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से चुकाने के आदेश दिए है। पांच हजार रुपये मुआवजा राशि और मुकदमा खर्च राशि 5500 रुपये चुकाने के आदेश दिए है।

---

# विश्व स्तर पर 50 देशों के लोगों के साथ मनाया जाएगा चूरमा दिवस : डॉ नैन

- 50 देशों के लोगों के साथ मिलकर चूरमा दिवस मनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि तेरह जुलाई को हरियाणवीं सभ्यता व संस्कृति को ओर आगे बढाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दुनिया के लगभग 50 देशों के लोगों के साथ मिलकर चूरमा दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि आज के समय में पश्चिमी संस्कृति के दिखावे में अपनी पुरानी खुराक या खान-पान को भूल कर पीजा, बर्गर, चाऊमीन आदि विदेशी खान पान को बढ़ावा दिया हुआ है जिससे हमारे शरीर के साथ साथ आने वाली नई पीढ़ी के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है, इसके लिए हमने विदेशों में रहने वाले जो कि हरियाणवीं सभ्यता व संस्कृति को जीने का काम करते हैं उन सभी के साथ मिलकर हमारे सबसे पुराने खान-पान चूरमा जोकि पुराने समय में मिठाई के रूप में जानी जाती थी, उसी को बढ़ावा देने के लिए ओर स्वास्थ्य को ठीक करने के लिए अंतरराष्ट्रीय चूरमा दिवस को मनाया जाएगा। डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चूरमा दिवस मनाने की सोच लंदन में निवास कर रहे रोहित अहलावत ने बनाई जिसके तहत लगभग 50 देशों के अंदर 13 जुलाई को चूरमा दिवस मनाया जाएगा।

---

# एक पेड़ मां के नाम मुहिम से बढ़ेगा पर्यावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

- खेल विभाग की ओर से विभिन्न जिलो में मैराथन का कार्य रखा



**पानीपत।** उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया, अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. ऊमा शंकर ने गत सांय वीडियो कांफ्रेंस में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की समाधान शिविर में पौधे वितरित करने के कार्य की जमकर प्रशंसा की और कहा कि जिला प्रशासन पानीपत द्वारा लगाए जा रहे समाधान शिविर में जिस तरह से लोगों के कार्य हल हो रहे हैं और लोगों को पर्यावरण के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है यह अन्य जिलों से सबसे अलग मुहिम है जोकि सबके लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि खेल विभाग की ओर से विभिन्न जिलो में मैराथन का कार्य रखा गया है जिसके तहत 28 जुलाई को जिला पानीपत में मैराथन प्रस्तावित है, इसको लेकर सभी तैयारियां समय रहते शुरू कर ली जाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को लेकर भी जिला में एक पेड़ मां के नाम मुहिम शुरू की जाए ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा पेड लगा सकें। वहीं, 28 जुलाई को होने वाली मैराथन हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत आयोजित होगी। इधर, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने वीडियो कांफ्रेंस के बाद संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।

---

# हरियाणा में बढ़ रहा आप का जनाधार


**पानीपत।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जय कुंवार पार्टी की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**समालखा।** समालखा में जीटी रोड स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जय कुंवार उर्फ बिट्टू पहलवान की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बडी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जबकि बिट्टू पहलवान ने कहा कि आम ने विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं, आप, इंडिया गठबंधन में चुनाव लडेगी या फिर अकेली इसका फैसला आप हाईकमान करेगा। उन्होंने दावा किया कि आप बूथ स्तर पर वर्क कर मजबूत संगठन तैयार कर रही है। जिला भर में संवाद कार्यक्रम चल रहे है। बैठक में इस अवसर पर आजाद बेनीवाल, कृष्णा बेनीवाल पहलवान, ओमपाल गोलाखेड़ा, सतवीर देहरा, दयानंद बेनीवाल, रजनीश ,छोटेलाल, मदनलाल जांगड़ा, रोशन जांगड़ा पट्टीकल्याण, राजू महावटी, रमेश हथवाला, चंद्रभान डिकाडला, राजेश भापरा, नरेंद्र गढ़ी छाज्जू, सुनील मच्छरोली, रोहित करहंस, चंद्रो मच्छरौली, रोहतास बापौली आदि उपस्थित रहे।

---


**समालखा।** नव चयनित एचसीएस शिवानी पांचाल को सम्मानित करते श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# नव चयनित एचसीएस शिवानी को सम्मानित किया

**समालखा।** पानीपत के गांव भोड़वाल माजरी वासी शिवानी पांचाल के एचसीएस परीक्षा में पास करने पर श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा ने उनके घर पहुंचकर उनका स्वागत किया। सभा के चेयरमैन विनोद पांचाल ने अन्य पदाधिकारियों के साथ शिवानी पांचाल को शाल ओढाकर, फूलों का गुलदस्ता देकर व मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया व आशीर्वाद दिया। विनोद पांचाल ने कहा कि शिवानी ने विश्वकर्मा समाज का नाम रोशन करने का काम किया है। जिस प्रकार से सिर पर पिता का साया नहीं होने के बावजूद शिवानी ने इस मुकाम को हासिल किया है। इतनी हिम्मत व मेहनत बहुत ही कम बच्चे कर पाते हैं। दूसरे बच्चों को भी शिवानी से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढना चाहिए। इस अवसर पर सभा के चेयरमैन विनोद पांचाल, गुलाब पांचाल, मोहन लाल, संजय पोपली, राजकुमार पांचाल, सतीश पांचाल, रामनिवास पांचाल, डॉ.सुनील कुमार, पवन पांचाल, रमेश पांचाल, संजय पांचाल व कृष्ण पांचाल आदि मौजूद रहे।

---

# साइबर क्राइम के विरूद्ध छात्रों को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत


**पानीपत।** नशे व साइबर क्राइम के विरूद्ध विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए पुलिस अफसर।

गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव दीवाना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों व साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

वहीं, जागरूकता अभियान के जिला में कॉर्डिनेटर एएसआई जगपाल ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नशा शरीर और मस्तिष्क पर बुहत ही गलत प्रभाव डालता है। नशे का आदी होना आसान है लेकिन इसकी लत से छुटकारा पाना बेहद मुश्किल है। नशा व्यक्ति के शरीर के लिए तो हानिकारक है ही साथ में यह अपराध करने का मुख्य कारण भी बनता है। जो व्यक्ति नशा करने लग जाता है वह पैसे ना होने पर आपराधिक वारदातों को अंजाम देने लग जाता है।

विद्यार्थी नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ साथ खेलों में हिस्सा लें और समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें।

### साइबर ठगी से बचें

एएसआई जगपाल ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम बारे जानकारी देते हुए बताया कि तकनीक के इस युग में जितनी तेजी से डिजिटल लेन देन को बढ़ावा मिला है उतनी ही तेजी से ठगी के नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं। आज के समय में साइबर अपराध चरम पर है। स्वयं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक ठगी से बच सकते हैं। फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगना, बीमा पॉलिसी, वाउचर जीतने, लोन, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने, डीलर शिप के लिए संपर्क करें जैसी कॉल और घर बैठे लाखों कमाए जैसे, कॉल और घर बैठे लाखों कमाए जैसे अन्य बैंकिंग कार्यों के लिए आए कॉल से सावधान रहें। अगर आपके साथ किसी भी प्रकार का साइबर अपराध हो जाता है या आप किसी ऑनलाइन ठगी का शिकार हो जाते हैं तो शिकायत पोर्टल या 1930 या साइबर क्राइम थाना या नजदीकी थाना/चौकी में सूचना दें।

---

### पानीपत से युवती समेत तीन लापता

**पानीप।** पानीपत के विकास नगर से दो व्यक्ति व हरि सिंह कालोनी से युवती लापता हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास नगर निवासी जगवंती ने बताया कि उसका पति राजेश दो जुलाई को दोपहर दो बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया। उन्होंने पति की रिश्तेदारी व आस पड़ोस में तलाश की, लेकिन पति का कहीं कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद उसने मामले मामले की शिकायत सेक्टर 29 थाना पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। दूसरी ओर, मूलरूप से बिहार के अरवल के गांव मसदपुर निवासी निक्की देवी ने बताया कि वह हाल में विकास नगर में रहती है। उसका पति एक जुलाई को दोपहर एक बजे बिना बताए कहीं चला गया। उन्होंने पति की हर जगह तलाश की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद उसने मामले की शिकायत सेक्टर 29 थाना पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इधर, हरिसिंह कालोनी निवासी सरिता ने बताया कि उसके चार बच्चे हे।

---

### ट्रांसजेंडर के साथ उसके ही साथी ने कुकर्म किया

- आरोपी एक लाख रूपये भी उठा ले गया, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

**पानीपत।** चांदनीबाग थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में रहने वाली ट्रांसजेंडर के साथ उसी के साथ काम करने वाले आरोपित ने कुकर्म किया और आरोपित, पीडिता के घर से एक लाख रुपये उठा ले गया। चांदनीबाग थाना पुलिस को दी शिकायत में ट्रांसजेंडर ने बताया कि वह मूल रूप से बिहार के पटना की रहने वाली है। फिलहाल वह चांदनीबाग थाना क्षेत्र के एक गांव में रहती है। वह ट्रांसजेंडर समुदाय से संबंध रखती है। वह घर-घर जाकर नाच-गाकर और मांगकर अपना गुजारा करती है। उसके साथ रवि नाम का लड़का भी काम करता था। वह करीब 20 दिन पहले नशे की हालत में उसके घर आया था। यहां उसने उसके साथ जबरदस्ती कुकर्म किया। इसके बाद मौका मिलते ही एक लाख रुपये छीनकर फरार हो गया। वह अपने स्तर पर उसे तलाशती रही, लेकिन वह नहीं मिला। अब उसे पता चला है कि रवि अपने गांव भाग गया है। चांदनीबाग थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश ने बताया कि ट्रांसजेंडर की शिकायत के आधार पर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू की।

---

शिविरों में आई 4595 समस्याओं में से अभी तक 2507 का निदान हुआ

# जन समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



**पानीपत।** समाधान शिविर में जन सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया। फोटो : हरिभूमि

राज्य सरकार की समाधान शिविर वो अनूठी पहल है जिससे लाभांवित होकर लोगों की दिशा व दशा बदल रही है। अब आम जन को अपनी समस्याओं को लेकर कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। एक ही छत के नीचे उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया के अथक प्रयासों व अधिकारियों के सहयोग से सभी समस्याओं का बड़े स्तर पर समाधान हो रहा है। पिछले 10 जून को प्रारंभ हुए इस समाधान शिविर में 4 हजार से ज्यादा लोगों ने अपनी समस्याएं रखी जिनका अधिकारियों के सहयोग से समाधान किया गया। शुक्रवार को आयोजित किये गए समाधान शिविर में निगम, शिक्षा, समाज कल्याण, बिजली व कृषि विभाग से ज्यादा समस्याएं प्राप्त हुई। वन विभाग की ओर से शिविर के दौरान 350 शिकायतकर्ताओं को विभिन्न किस्मों के पौधे वितरीत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं, डॉ दहिया ने बताया कि अब तक समाधान शिविर में 4595 समस्याएं दर्ज की गई है। जिनमें से 2507 समस्याओं का तत्काल निदान किया गया है। यह आकड़ा अब तक पूरे जिले व दोनों उपमंडलों इसराना व समालखा का है। समस्याओं के समाधान का अनुपात 55 प्रतिशत है जबकि अकेले पानीपत का यह आकड़ा 57 प्रतिशत से ज्यादा है। उपायुक्त ने बताया कि हम बहुत ही बेहतर तरीके से समस्याओं का समाधान कर रहे है। प्रशासन व शासन का इस कार्य में सम्पूर्ण सहयोग मिल रहा है व इसके परिणाम भी जनता के हित में आ रहे है। ये समाधान शिविर लोगों के लिए वरदान साबित हो रहे है। उन्होंने बताया कि इस दिशा में एक प्रयास पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी किया गया है। उम्मीद है कि शिविरों के समापन की अंतिम तिथि तक पहुंचतें पहुंचते हम बड़े हिस्से पर पौधारोपण का कार्य कर चुके होंगे।

---

# महिला के बैग से लाखों के जेवर चोरी

- पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

**पानीपत।** करनाल से पानीपत के गांव अहर में लौट रही महिला के बैग से रोडवेज बस में सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो गए। आरोपित ने महिला के बैग से चार तोले सोने के जेवरात और 20 तोले चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। पीड़िता घर पहुंची तो चोरी का पता चला। जिसके बाद महिला ने मामले की शिकायत शहर थाना पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इधर, गांव अहर निवासी रीना ने बताया कि वह अपने माता-पिता से मिलने के लिए गांव झाझाडी जिला करनाल गई थी। उसके चचेरे भाई ने दो जुलाई को उसे करनाल नए बस अड्डा से रोहतक डिपो की बस में बैठा दिया। उसके पास एक बैग था। जिसमें कुछ कपड़े, डेढ तोले सोने की चेन, एक जोड़ी सोने के टोपिस, एक जोड़ी सोने की बाली, सोने का टीका, सोने की नथली, तीन सोने के कोके, एक मंगलसूत्र, कुल चार तोले सोने के जेवरात थे। इसके अलावा चांदी की दो जोड़ी पाजेब, चांदी के हाथफूल, दो चांदी के हार, चांदी की एक अंगुठी, गले के दो चांदफूल, दो जोड़ी हाथ की टोहरी, कुल 20 तोले चांदी के जेवरात थे। बस में बैग उसके पास था। जब वह टोल प्लाजा के पास पहुंची तो उसने बैग साइड में रख दिया और बस में बैठी रही। वह इसराना बस अड्डे पर उतर गई। उसने गांव अहर जाने के लिए एक आटो लिया। ऑटो रिक्शा में उसके अलावा गांव जाने वाली सवारी भी बैठी थी। जब वह गांव अहर में अपने घर पहुंची और अपना बैग चेक किया तो सोने-चांदी के जेवरात चोरी मिले।

## खबर संक्षेप



### हिसार में मनाई जाएगी महाराजा दक्ष जयंती

**अंबाला।** विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा नने कहा कि 21 जुलाई को हिसार में महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से लोग हिस्सा लेंगे। डिप्टी स्पीकर शुक्रवार को अंबाला कैंट के पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार निरंतर संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार प्रसार योजना के अंतर्गत महापुरुषों की जयंती मना रही है। इसी कड़ी में हिसार में महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती मनाई जाएगी। इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रदेशभर से आजमन शामिल होंगे। हिसार में बनाई गई दक्ष आईटीआई के अंदर इस कार्यक्रम का आयोजन होगा।



### रिटायर्ड न्यायाधीश को वकीलों ने दी बधाई

**बराड़ा।** राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायालय के न्यायाधीश पद से रिटायर्ड हुए एलएन गुप्ता को एडवोकेट जपनीत सिंह वधवा, कानूनी सलाहकार रिया सिंह निजी सचिव पारुल बत्रा शुभकामनाएं दी। इस मौके पर जपनीत वधवा ने कहा कि रिटायर्ड न्यायाधीश एलएन गुप्ता को विनम्र न्यायिक अधिकारी के रूप में जाना जाता है। अपने कार्यकाल में उन्होंने 1000 से ज्यादा केसों का निर्णय किया है।

### चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ में दर्ज मारपीट कर चोट पंहुचाने व हत्या के प्रयास के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी विशाल उर्फ लहला , विक्रांत, राज बाबू उर्फ गब्बर व विवेक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। वार्ड नंबर चार के वेकेंट गर्ग ने 3 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करके काफी चोट पहुंचा कर जान से मारने की नीयत से हमला कर व गले से सोने की चैन छीनने का अपराधिक कार्य किया है।

# सैलजा बोली- पहले कभी किसी प्रभारी ने टिकटों के लिए ऐसे नहीं मांगे आवेदन

- प्रभारी अपने स्तर पर ही ले रहे हैं फैसले, सैलजा ने जीत में अहम भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया की कार्यशैली पर कांग्रेसी नेताओं ने फिर वार किए हैं। खुद पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव एवं सिरसा से निर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक नेताओं से आवेदन मांगने पर हैरानगी जताई है। उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान की ओर से अभी इस तरह का कोई आदेश नहीं आया है। हालांकि सैलजा ने किसी नेता को आवेदन करने से नहीं रोका। दरअसल पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा वीरवार को यहां उनकी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं का आभार जताने के लिए यहां पहुंची थी। प्रदेश प्रभारी की ओर से आगामी विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं से आवेदन मांगने पर सबसे पहले असंध से कांग्रेसी विधायक शमशेर सिंह गोगी ने सवाल उठाया था। मंच से उन्होंने कहा कि उन्हें राजनीति में 45 साल हो गए हैं। पार्टी के किसी प्रभारी ने कभी अपने स्तर पर आवेदन नहीं मांगे हैं। उन्होंने कहा कि यह तो पार्टी में नया कल्चर शुरू हो गया है। खुद गोगी ने भी इस बात पर हैरानगी जताई कि अभी तक पार्टी हाईकमान की ओर से विधानसभा चुनाव के लिए आवेदन को लेकर कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की गई। ऐसे में प्रभारी के खुद फैसला लेने पर सवाल उठने लाजिमी हैं।

### विधायक शमशेर गोगी ने कहा कि 45 साल हो गए राजनीति में

#### 400 पार का दावा करने वाले 250 पर रह गए

इस दौरान कुमारी सैलजा ने मंच से कार्यकर्ताओं में खूब जोश भरा। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा की राहुल गांधी ने कहा कि हिंदू हिंसक नहीं होता, हिंदू नफरत नहीं फैलाता। भाजपा स्वयं को हिंदू कहती है और फिर ऐसे काम करती है। बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश करना भाजपा की पुरानी आदत है। अपनी गलतियां छुपाने के लिए भाजपा बात को तोड़ मरोड़ का पेश करती है। आप असलियत को देखें, 400 पार का दावा कर रहे थे। लेकिन मिला क्या 250 पर रह गए। पिछले कई महीनों से किसान आंदोलन के चलते हरियाणा पंजाब की सीमा पर लगते शंभू बॉर्डर बंद पड़ा है। जिसे खुलवाने की मांग लगातार जारी है। इस पर कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा इस समस्या का हल करना नहीं चाहती। सरकार कोई बात नहीं कर रही अगर बात करती होती तो अब तक हल हो जाता। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव कांग्रेस ने बिना संगठन के लड़ा था। अब भी कांग्रेस का अपना कोई संगठन नहीं है। सैलजा ने कहा की संगठन होना जरूरी है, ये कमी पहले भी थी और अब भी है। हमें देखना चाहिए कि कांग्रेस कार्यकर्ता बिना पहचान के काम के रहा है।



#### मैं खुद आवेदन फार्म जारी होने से हैरान हूं: सैलजा

विधायक शमशेर सिंह गोगी के बाद पार्टी की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा ने भी मंच से पार्टी प्रभारी की ओर से विधानसभा चुनाव लड़ने वालों के लिए आवेदन फार्म जारी करने पर हैरानगी जताई। उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान के आदेश के बिना ही आवेदन फार्म जारी कर दिए गए हैं। इसके लिए 31 जुलाई की समय सीमा भी तय कर दी गई। उन्होंने कहा कि पहले कभी ऐसा नहीं हुआ है। किसी प्रभारी ने पार्टी हाईकमान से सलाह किए बिना ऐसी प्रक्रिया को नहीं अपनाया है। ऐतराज के बावजूद सैलजा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि जो चुनाव लड़ने का इच्छुक है उसे आवेदन कर देना चाहिए। पर टिकट पार्टी के कर्मठ, संघर्षशील व जनता के बीच रहने वाले नेताओं को ही मिलेगी। टिकट देने की पार्टी की अपने प्रक्रिया है। हर नेता को उस प्रक्रिया से गुजरना होगा।

### डीसी ने जनता से पौधे लगाने का किया आह्वान

# खेतों में तैयार किए जाएंगे 6.60 लाख पौधे, डीसी ने पौधरोपण की शुरुआत की

पंजोखरा साहिब गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया कार्यक्रम, डीसी ने स्कूल के प्रांगण में लगाया पौधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला





**अंबाला।** पौधारोपण करते डीसी डॉ. शालीन व कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण।

जिला के वन विभाग द्वारा शुक्रवार को विधिवत रूप से पौधारोपण अभियान की शुरूआत की गई। डीसी डॉ. शालीन ने वन मंडल द्वारा पंजोखरा साहिब गांव के राजकीय उच्च विद्यालय में आयोजित किए गए कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रांगण में पेड़ लगाया और अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने जिलावासियों से मानसून के मौसम में अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने का आह्वान किया है। डीसी ने कहा कि इस समय मानसून का मौसम शुरू हो गया है। पौधारोपण के लिए यह मौसम सबसे उपयुक्त है। ऐसे में हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। आज वातावरण तेजी से बदल रहा है। पहले हम महज खबरें सुनते थे कि जलवायु परिवर्तन हो रहा है लेकिन अब हम नजदीकी से इस परिवर्तन को महसूस कर सकते हैं। ऐसे में हमें आगे आकर इस पर्यावरण को बचाने की आवश्यकता है। इसके लिए सबसे बेहतरीन उपाय अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाना है। इससे न केवल हमारी प्रकृति हरी-भरी होगी बल्कि पर्यावरण भी शुद्ध होगा।

#### धरती को सुखमय बनाने के लिए पेड़ लगाए

डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि धरती को सुखमय बनाने के लिए हमें पेड़ लगाने चाहिए। पूरे विश्व में लोग तेजी से पेड़ काट तो रहे हैं लेकिन इतनी संख्या में पेड़ लगाए नहीं जा रहे हैं। ऐसे में सभी जीवन में पेड़ लगाने का प्रण लें। हम सभी को अपने जन्मदिवस पर याद के तौर पर पेड़ लगाना चाहिए। आज अगर पेड़ लगाएंगे तो भविष्य में फल देगा और हमारे वातावरण को शुद्ध करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंचायतों को सुदृढ़ करने के लिए काफी काम कर रही है। बीते दिनों मुख्यमंत्री नायब सिंह ने पंचायतों व सरपंचों से जुड़ी काफी घोषणाएं की हैं। अब सरपंच 21 लाख रुपये तक के कार्य स्वयं करवा सकता है। उन्होंने सरपंचों से आह्वान किया कि सरकार की नीतियों का लाभ उठाकर पंचायतों को सुदृढ़ करें। सभी सामूहिक प्रयास करें, इससे पूरे समाज को लाभ मिलेगा।

#### शहरों की तरह हो रहे विकास कार्य

सीईओ जिला परिषद् नवीन आहूजा ने संबोधित करते हुए कहा कि अब गांवों में भी शहरों की तरह विकास कार्य हो रहे हैं। सडक़ों, नालियों, तालाबों को बनाया जा रहा है। हरियाणा सरकार ने ग्राम पंचायतों व सरपंचों को आगे बढ़ाने के लिए अनेक योजनाएं बनाई हैं। अब बिना ई-टेंडरिंग के सरपंच 21 लाख रुपये तक के विकास कार्य करवा सकता है। अगर सरपंच पंचायत के किसी कार्य से बाहर जाता है तो वह 16 रुपये प्रति किलोमीटर के हिसाब से यात्रा व्यय ले सकता है। सीईओ जिला परिषद् ने सभी गांववासियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। जिला में वर्ष 2024-25 में किसानों के खेतों में 660000 क्लोन के पौधे लगाए जाएंगे व इस वर्ष में पौधागिरी के तहत स्कूलों में 45000, जल शक्ति अभियान के तहत पंचायतों व ग्रामीण क्षेत्रों में 236000 पौधे व संस्थानों व अन्यों को 58000 पौधे मुफत में बांटे जाएंगे। कुल 339000 पौधे मुफ्त में दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त वन विभाग द्वारा सडक़ों, नहरों व आरक्षित वनों में पौधारोपण 249580 पौधे लगाए जाएंगे। इस प्रकार डीएफओ द्वारा कुल 1248580 पौधों का पौधारोपण करवाया जाएगा। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, गांव पंजोखरा के सरपंच सुखविंद्र सिंह व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



**अंबाला।** शंभू बॉर्डर खुलवाने के लिए अनशन पर बैठे आप नेता।

# शंभू बॉर्डर खुलवाने के लिए अब आप ने किया प्रदर्शन

- अंबाला के कारोबारियों को बचाने के लिए तुरंत शंभू बॉर्डर खुलवाने की मांग, किसानों की सभी मांगों पर विचार करने की दोहराई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाल

व्यापारिक संगठनों व कांग्रेस के बाद अब आम आदमी पार्टी ने भी शंभू बॉर्डर खुलवाने के लिए प्रदर्शन किया। शंभू बॉर्डर को खुलवाने के लिए पिछले कई दिनों से शहर में धरने- प्रदर्शनों का सिलसिला चल रहा है। हालांकि अभी तक केंद्र व राज्य सरकार की ओर से बॉर्डर खोलने को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। खुद परिवहन राज्य मंत्री असीम गोयल भी बॉर्डर खुलवाने को लेकर केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर चुके हैं। अभी तक सरकार का कोई नुमाइंदा बॉर्डर पर डटे किसानों से बातचीत के लिए आगे नहीं आया है। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के कई नेता शंभू बॉर्डर को खुलवाने के लिए अनशन पर बैठे। इस दौरान सभी नेताओं ने इसके लिए केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। आप नेताओं ने कहा कि भाजपा देश की अर्थव्यवस्था को तबाह कर रही है। कारोबारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं लेकिन भाजपा की किसान विरोधी नीतियों के कारण व्यापारियों की कमर टूट गई है। उन्होंने कहा कि पिछले छह महीने से किसान शंभू बॉर्डर पर डटे हैं। उनसे कोई बातचीत के लिए आगे नहीं आया है। सरकार की इस लापरवाही की वजह से अंबाला का कपड़ा व दूसरे कारोबार पूरी तरह से तबाही के कगार पर पहुंच गए हैं। व्यापारी खुद बॉर्डर खुलवाने के लिए सड़कों पर आए हुए हैं। पार्टी नेताओं ने कहा कि सरकार को किसानों की मांगों पर संज्ञान लेना चाहिए। फरवरी से बंद पड़े हरियाणा और पंजाब के शंभू बॉर्डर को खोलना चाहिए।अनशन पर बैठे आप नेता मोहित धीमान व केतन शर्मा कहा कि 5 महीने से शंभू बॉर्डर बंद पड़ा है। इसका नुकसान अंबाला के व्यापारियों को झेलना पड़ रहा है। केतन ने कहा कि सरकार किसान के साथ बैठकर क्यों नहीं हल निकालती। जिस बात का हल हो सकता है, उसमे इतनी देरी किस बात की है। राज्य और केंद्र भी भाजपा की सरकार है क्या सरकार को आम जन की परेशानी से कोई लेना देना नहीं है।

# शहर को बाढ़ से बचाने की कसरत, निरंतर चल रहा है नालों की सफाई का कार्य

- भाजपा नेता रख रहे हैं हर नाले व ड्रेन की सफाई पर नजर, पानी निकासी के लिए कई जगह पंप स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** नालों की सफाई करते हुए सफाई कर्मचारी।

परिवहन एवं महिला बाल विकास राज्य मंत्री असीम गोयल के निर्देश पर अंबाला शहर में नालों एवं ड्रेनों की सफाई का काम युद्धस्तर पर जारी है। भाजपा नेता सुरेंद्र घई टीटू ने बताया कि घग्गर से लेकर मनमोहन नगर, मोटर मार्केट, जग्गी कॉलोनी, बलदेव नगर तक अंबाला ड्रेन का काम सिंचाई विभाग द्वारा लगभग पूरा कर लिया गया है। इसी प्रकार अंबाला शहर में सेशन कोर्ट ड्रेन, इंको ड्रेन व घेल ड्रेन का काम भी ठेकेदार द्वारा युद्धस्तर पर जारी है। केवल दो-तीन जगह पर आई रूकावटों को छोड़कर शेष स्थानों पर कार्य पूरा करने के प्रयास जारी हैं। इसी प्रकार अंबाला शहर में रामनगर, पालिका विहार, जगाधरी गेट, पुराना सिविल हस्पताल, अम्बिका देवी मंदिर, बांसों वाला चौक, कपड़ा मार्केट, कांग्रेस भवन, शुक्लकुंड रोड पर जमा होने वाले पानी की निकासी के लिए नदी मोहल्ला में बड़े पंप लगाए गए हैं । ये पंप नदी मोहल्ला से पानी खींच कर सरकुलर रोड़ पर चल रही घेल ड्रेन में छोड़ते हैं । छोटे-छोटे नालों व नालियों सफाई का काम भी नगर निगम के कर्मचारी व अधिकारी करने के लिए प्रयासरत है। बनूड़ी नाके पर लगाए गए साईफन के साथ चलते नालों की भी सफाई के लिए स्पेशल पोक मशीन नगर निगम द्वारा किराये पर लेकर दिन रात काम करते हैं।

# एंटी टेरारिस्ट फ्रंट इंडिया ने फूंका अमृतपाल सिंह का पुतला

- खालिस्तानी झंडा भी आग के हवाले
- फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले खालिस्तानी आतंकी अमृतपाल सिंह की शपथ को काला दिन घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** खालिस्तानी समर्थक सांसद अमृतपाल सिंह का पुतला जलाते हुए एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट ऑफ इंडिया के समर्थक।

एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य के नेतृत्व में फ्रंट के सदस्यों ने शुक्रवार को खालिस्तानी समर्थक सांसद अमृतपाल सिंह का दिल्ली हाइवे कालका चौक पर पुतला आग के हवाले किया। इस दौरान खालिस्तानी अमृतपाल सिंह मुर्दाबाद के नारे लगाए और इंकलाब जिंदाबाद के नारे भी लगाए गए। फ्रंट के सदस्यों ने हाथ में भारतीय तिरंगे और शहीदों के चित्र उठा रखे थे। सभी सदस्यों ने अमृत पाल सिंह की फोटो के चित्र उठाए हुए थे जिस पर अमृतपाल को आतंकवादी लिखा हुआ था। फ्रंट के अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने कहा की देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा में एक खालिस्तानी समर्थक अमृत पाल सिंह को संसद सदस्य के रूप में शपथ दिलाई। फ्रंट ने इसे काला दिवस घोषित किया। शांडिल्य ने खालिस्तानी अमृतपाल सिंह को देश के संविधान और तिरंगे का सबसे बड़ा दुश्मन बताया और कहा की जिस खालिस्तानी अमृतपाल ने पंजाब के थाने पर हमला किया और पंजाब में आतंकवादी जरनैल सिंह भिंडरवाला की सोच की मुहिम चलाई और फिर पंजाब में आतंकवाद लाने की साजिश रची है। शांडिल्य ने कहा की भिंडरावाला ने पंजाब पुलिस सहित सेना के 90 से अधिक जवानों को शहीद किया दरबार साहिब की पवित्रता भंग की उस सोच पर पहरा देने वाले अमृतपाल को संसद की शपथ दिलाकर केंद्र सरकार ने 140 करोड़ लोगो की भावनाओं से खिलवाड़ किया है। यह शहीदों की शहादत का मजाक उड़ाया जिनके कारण आजादी,सविधान तिरंगा मिला। उन्होंने कहा की अब संसद में आतंकवादी बैठेंगे। उन्होंने कहा की सबसे बड़ी दोषी पंजाब सरकार है जिस सरकार ने अमृतपाल को 5 दिन की पेरोल देकर पंजाब की शांति को भंग करने की नींव और खालिस्तानी मुहिम को बल दिया। यह शहीद मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की कुर्बानी का मजाक है और भगवंत मान सरकार ने आतंकवादी को पेरोल देकर कट्टर पंथियों को हवा दी है। उन्होंने कहा की पीएम मोदी और अमित शाह की जोड़ी दोनो खालिस्तानी सांसद अमृतपाल सिंह और सरबजीत सिंह खालसा की सदस्यता को रद्द करने को लेकर लोकसभा में प्रस्ताव लेकर आएं क्योंकि सविधान पर हमला करने वालों की जगह जेल में है। अमृतपाल सिंह की बाकी बची 4 दिन की पेरोल को राष्ट्र हित और सविधान का सम्मान करते पंजाब सरकार रद्द करे।

### जीआरटी लाइन से हटाई जाए गांव की बिजली सप्लाई

**बराड़ा।** ग्रामीणों ने उत्तर हरियाणा बिजली निगम लिमिटेड के अंबाला सर्कल के एसई को गांव की लाइट जीआरटी लाइन से हटवाने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने इसे बराड़ा शहर या उसके नजदीकी फीडर से जोड़ने की मांग की है। इस सिलसिले में ग्रामीणों ने एक ज्ञापन भी सौंपा है। ग्रामीणों की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि वर्तमान में गांव की बिजली जीआरटी लाइन से जुड़ी हुई है जो पेड़ों के बीच से होकर गुजरती है। इससे थोड़ी सी भी हवा चलने पर या बारिश होने पर बिजली की आपूर्ति बंद हो जाती है। इससे पूरे गांव की बिजली सप्लाई रात-दिन प्रभावित रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस लाइन से जुड़ी समस्याओं के कारण उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि बराड़ा शहर में इस तरह की कोई समस्या नहीं है, क्योंकि वहां की बिजली सप्लाई जीआरटी लाइन से नहीं है। इसी वजह से ग्रामीण उनके गांव की बिजली सप्लाई जीआरटी लाइन से हटाकर शहर के किसी नजदीकी फीडर या सब-फीडर से जोड़ने की मांग कर रहे हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### हुड्डा बोले युवाओं को रोजगार व नागरिकों को सुरक्षा देने में पूरी तरह नाकाम रही भाजपा सरकार

# बेरोजगारी-अपराध का होगा सफाया, कांग्रेस आने पर बनेगी आईएमटी

- हर फैसले पर लेना पड़ रहा यू-टर्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** मीडिया से बातचीत करते पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व अन्य।

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा शुक्रवार को अंबाला छावनी पहुंचे। यहां उन्होंने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद प्राथमिकता के आधार पर बेरोजगारी और अपराध का सफाया किया जाएगा। क्योंकि बीजेपी सरकार युवाओं को रोजगार और नागरिकों को सुरक्षा देने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। इसी वजह से हरियाणा बेरोजगारी और अपराध के मामले में पूरे देश में पहले नंबर पर पहुंच गया है। युवा भर्ती घोटालों के खिलाफ व नौकरी मांग के लिए और व्यापारी सुरक्षा की मांग के लिए आंदोलनरत हैं। बढ़ते अपराध के खिलाफ हिसार के व्यापारियों ने बंद भी बुलाया है। कांग्रेस इसका समर्थन करती है। पार्टी की सरकार बनने पर व्यापारी समेत प्रत्येक नागरिक के जानमाल की सुरक्षा का वादा करती है। हुड्डा यहां यहां कई सामाजिक आयोजनों में शिरकत करने पहुंचे थे। उनके साथ अंबाला लोकसभा से सांसद वरुण मुलाना,पूर्व मंत्री निर्मल सिंह,चित्रा सरवारा,पूर्व विधायक जसबीर मलौर, मीडिया इंचार्ज चांदवीर हुड्डा,हिम्मत सिंह,अशोक मेहता,अमीषा चावला, डिप्टी मेयर राजेश मेहता,नितिन भाटिया समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर हुड्डा ने कहा कि सरकारी विभागों में 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं लेकिन सरकार उनपर पक्की भर्ती करने की बजाए कौशल निगम के जरिए पदों को भरने में लगी है। कौशल निगम में कर्मियों के साथ बेहद शोषण होता है। अब उनके वेतन में मामूली बढ़ौतरी करके बीजेपी उनके घावों पर नमक छिड़क रही है। क्योंकि कौशल कर्मियों को बमुश्किल 15 हजार रुपये महीना वेतन मिलता है। उसमें मामूली बढ़ोत्तरी कर्मियों के साथ भद्दा मजाक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर खाली पदों पर पक्की भर्तियां की जाएंगी और बेरोजगारी पर अंकुश लगाया जाएगा। प्राइवेट सेक्टर में निवेश को बढ़ाने के लिए अंबाला में आईएमटी बनाई जाएगी। पहले से स्थापित आईएमटी में उद्योगों का विस्तार और रोजगार सृजन होगा।

हुड्डा ने कहा कि जनता ने विधानसभा चुनाव में बीजेपी को सबक सिखाने का मन बना लिया है। बीजेपी को चुनाव से पहले ही अपनी हार का अहसास हो गया है। इसलिए हार सामने देख सरकार द्वारा फर्जी घोषणाएं की जा रही हैं। 2014 और 2019 चुनाव की तमाम घोषणाओं से मुकरने वाली बीजेपी नई घोषणाओं के भ्रमजाल में जनता को फंसाना चाहती है। जनता ने पूरे 10 साल बीजेपी की कुनीतियों और कारगुजारियों को झेला है। लोकसभा में करारी हार के बाद से सत्ताधारी पार्टी अपने पुरानों फैसलों से यू-टर्न ले रही है। सरकार के यू-टर्न से स्पष्ट है कि फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी और ई-टेंडरिंग जैसे मुद्दों पर विपक्ष का स्टैंड पूरी तरह जनता के पक्ष में था और बीजेपी जनविरोधी फैसले ले रही थी।